निगमित संप्रेषण और निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे - 5

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा पुणे में स्टार्ट-अप्स के लिए समर्पित अपनी पहली शाखा का उद्घाटन

पुणे 31 मार्च, 2023: बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का एक प्रमुख बैंक है। बैंक ने पुणे में स्टार्ट-अप के लिए अपनी पहली समर्पित शाखा का उद्घाटन किया। श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र तथा श्री प्रशांत गिरबाने, डायरेक्टर जनरल, मराठा चैम्बर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्रीज़ एंड एग्रीकल्चर (एमसीसीआईए) ने यशोमंगल, पुणे शहर अंचल कार्यालय, एफ.सी. रोड में स्टार्ट-अप शाखा का उद्घाटन किया। श्री आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र इस उद्घाटन समारोह में विशेष रूप से उपस्थित थे। श्री सदाशिव सुरवासे, ज्वाइंट डायरेक्टर, इंडस्ट्रीज, महाराष्ट्र सरकार, श्री सजित कुमार, सीनियर वीपी, सिडबी वेंचर कैपिटल, बैंक के महाप्रबंधकगण, स्टार्ट-अप्स के उद्यमियों के साथ ही बैंक के ग्राहक बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

उद्घाटन के दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री ए. एस. राजीव ने कहा, “भारत दुनिया में स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न के लिए बढ़ते केंद्रों में से एक है। हमारे लिए आवश्यक है कि स्टार्ट-अप्स के लिए अपनी स्वयं की समर्पित शाखा शुरू करें, जहां हम उनके आरंभ से लेकर आईपीओ/ एफपीओ जारी करने तक की उनकी सभी जरूरतों को पूरा करेंगे। श्री राजीव ने कहा, "शहर की तकनीकी और औद्योगिक उन्नति तथा बैंक की विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए, पुणे शहर उद्यम आरंभ करने हेतु हमारे लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, जो इस उद्देश्य को पूरा करने में अत्यधिक सहायक होगा। मुझे विश्वास है कि यह बैंक के लिए और साथ ही पुणे शहर तथा महाराष्ट्र राज्य में स्टार्ट-अप्स के लिए भी नई संभावनाओं की शुरूआत करेगा।“

श्री प्रशांत गिरबाने, डायरेक्टर जनरल (एमसीसीआईए) और श्री सदाशिव सुरवासे, ज्वाइंट डायरेक्टर, इंडस्ट्रीज, महाराष्ट्र सरकार ने क्षेत्र में उद्योगों के पोषण हेतु बैंक द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाए जाने और स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

श्री आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि, “परिचालन के प्रारंभिक चरण में स्टार्ट-अप एक उद्यमी उपक्रम होता है, जिसे यदि उचित तरीके से विकसित किया जाए तो वह नवाचार के साथ अपने ग्राहकों की उभरती जरूरतों को पूरा करते हुए आर्थिक विकास, रोजगार सृजन का एक अभिन्न स्तंभ बन सकता है। हमारे देश में बहुत सारे स्टार्ट-अप्स हैं, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर ख्याति पाई है और देश की प्रगति में योगदान दिया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि, “भारत दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट पूल है और हमारी युवा ऊर्जा राष्ट्र की प्रेरक शक्ति है। स्टार्ट-अप सबसे अच्छा मंच है, जहां वे अपनी प्रतिभा का पूर्ण क्षमता तक सदुपयोग कर सकते हैं। यह *आत्मनिर्भरता* द्वारा संचालित अमृत काल का युग है, अतः स्टार्ट-अप्स और युवा ऊर्जा सबसे अच्छे दांव हैं, जहां हम निवेश कर सकते हैं। आत्मनिर्भर भारत को समग्रता में प्राप्त करने के लिए एक वाइब्रेंट स्टार्ट-अप इकोसिस्टम रोडमैप है।

श्री पाण्डेय ने कहा कि, "पुणे टेक्नोक्रेट्स का शहर है और देश का एक बड़ा टैलेंट पूल यहां मौजूद है, जिसे हम अपने प्रयासों से विकसित करेंगे और उनके व्यवसाय मॉडल को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे।"

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आयोजन के दौरान स्टार्ट-अप के सक्रिय वित्तपोषण के लिए सिडबी वेंचर कैपिटल के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

इस कार्यक्रम में श्री संजय रुद्र, मुख्य जोखिम अधिकारी एवं महाप्रबंधक, आईआरएम, श्री वी. एन. कांबळे, महाप्रबंधक, ऋण प्राथमिकता, श्री अरुण कबाडे, महाप्रबंधक, रिटेल-एमएसएमई, श्री राजेश सिंह, अंचल प्रमुख, पुणे शहर अंचल, श्री अमित कुमार शर्मा, महाप्रबंधक, बड़े एवं मिड-कॉर्पोरेट तथा विभिन्न स्टार्ट-अप्स के उद्यमी यथा – श्री राहुल सिन्हा, मेडुक्स प्रोडक्ट्स प्रा. लि.; श्री यशवंत देसाई, पेरेनियल टेक्नोलॉजीज प्रा. लि.; श्री तुषार शेंगोकर आदि और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए देशभर में विशेषीकृत शाखाओं यथा – आवास वित्त शाखा, एमएसएमई शाखा, विदेशी मुद्रा शाखा, मिड-कॉर्पोरेट शाखा, कॉर्पोरेट वित्त शाखा आदि की सफलतापूर्वक स्थापना की है।

फोटो कैप्शन : (बाएं से दाएं) श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, श्री आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, श्री गणेश परपियानी, शाखा प्रबंधक स्टार्ट-अप शाखा, श्री अंजनी श्रीवास्तव, महाप्रबंधक, सिडबी, श्री प्रशांत गिरबाने, डायरेक्टर जनरल, एमसीसीआईए, श्री सदाशिव सुरवासे, ज्वाइंट डायरेक्टर, इंडस्ट्रीज़, महाराष्ट्र सरकार और श्री संजय रुद्र, महाप्रबंधक, आईआरएम , बैंक ऑफ महाराष्ट्र